# ये भोले बाबा का दरबार | By Pt Ravinder Sharma

ये भोले बाबा का दरबार
यहीं से लगेगी नैया पार
है शिव की महिमा अपरम्पार
है शिव की महिमा अपरम्पार

जो भोले की शरण में आया
उसने अपना कष्ट मिटाया.
मुक्ति द्वार परम सुख पाया
यहाँ पर कभी ना होती पार
यहीं से लगेगी नैया पार
है शिव की महिमा अपरम्पार
है शिव की महिमा अपरम्पार

ये जग है पापों का डेरा
माया मोह ने सबको घेरा
करे यहाँ सब तेरा मेरा
विराजे शक्ति संग अवतार
यहीं से लगेगी नैया पार
है शिव की महिमा अपरम्पार
है शिव की महिमा अपरम्पार

शिव से सच्चा नाता जोड़ो
दुष्कर्मो के बंधन तोड़ो
माया मोह के जाल को छोडो
जटा से बहती गंगा धार
यहीं से लगेगी नैया पार
है शिव की महिमा अपरम्पार
है शिव की महिमा अपरम्पार

एक कलश रेवा जल भर ले
अपनी सब मुश्किल हल कर ले
शिव हैं दानी परम दयालु
रहे विष सदा कंठ में धार
तो शीतल जल से शिव को प्यार
है उनकी महिमा अपरम्पार
है शिव की महिमा अपरम्पार
ये भोले बाबा का दरबार ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-pt-ravinder-sharma/